कार्यालयः प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई)।

पत्रांकः /रा0मे0का0/बी0एस0सी0नर्सिंग/2026 दिनांक– 18/02/2026

संविदा के आधार पर सेवा योजन हेतु विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन के आदेश संख्या–1/868657/2025/71–1005(001)/20/2021 पार्ट–1 लखनऊ दिनांक 03/02/2025 एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पृष्ठांकन एम0ई0–1/2025/426 लखनऊःदिनांक 11 फरवरी, 2025 के क्रम में नर्सिंग कालेज के विभिन्न शैक्षणिक श्रेणीयों (प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, वाई प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं ट्यूटर) के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु साक्षात्कार आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमन्त्रित किये जाते है। इन पदो पर चयन वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interviw) पद्धति से नियुक्ति हेतु चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interviw) हेतु दिनांक 20–03–2026 को एवं माह के तृतीय शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के मध्य अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन उरई में उपस्थित हो। रिक्त पदों की संख्या नीचे तालिका मे दी जा रही है। अभ्यार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार के दिवस को अपने समस्त शैक्षिक/अनुभव प्रमाण पत्रों/शोध पत्रों की (स्वःप्रमाणित) छायाप्रतियों का एक सेट बायोडाटा सहित लायेगे।

नर्सिंग कालेज के विभिन्न शैक्षणिक श्रेणीयों (प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, वाई प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं ट्यूटर) के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत हैं–

क्र.स	विशिष्टता	श्रेणी			
1		UR	OBC	SC	EWS
2	प्रिंसिपल कम प्रोफेसर	01			
3	वाईस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर	01			
5	एसोसिएट प्रोफेसर	00			
	असिस्टेन्ट प्रोफेसर	02		01	
	ट्यूटर	02	01	01	
	कुल	06	01	02	

उक्त पदो पर नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।

संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत हैं–

1. शासनादेश संख्या–57/2022/1/156557/2022/71–1005(001)/20/2021 लखनऊ दिनांक 15 अप्रैल 2022 में प्राविधानित के अन्तर्गत संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, वाईस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं ट्यूटर का मानदेय (प्रिंसिपल कम प्रोफेसर 1.40,000/– वाईस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर–1,20,000/–एसोसिएट प्रोफेसर–80,000/–असिस्टेन्ट प्रोफेसर–70,000/– एवं ट्यूटर–45,000/–) एवं निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
2. इस हेतु आवेदक को आई0एन0सी0 के द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
3 उक्त नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को अन्य किसी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नही होगे।
4. संविदा पर नियुक्त शिक्षकों की सेवाएँ लोक सेवा आयोग से सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित शिक्षकों के उपलब्ध होने पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा सन्तोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवाएँ समाप्त की जा सकती है।
5. ऐसे शिक्षकों का संविदा कार्यकाल एक वर्ष का होगा। एक वर्ष उपरान्त सेवा स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
6. संविदा पर नियुक्त शिक्षकों के लिए यह आवश्यक होगा कि वह नियुक्ति होने के 07 दिन के अन्दर अपना कार्यभार ग्रहण कर लें। उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में संविदा स्वतः रद्द मानी जायेगी। संविदा पर नियुक्त ऐसे शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भेजी जाएंगी।
7. संविदा पर नियुक्त शिक्षक संविदा कालावधि के लिए किसी प्रकार के पेंशन संबंधी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस देय नहीं होगा।
8.शिक्षको शासकीय सेवा में विनियमितीकरण के लिए हकदार नही होगा तथा नर्सिंग टयूटर के पदो की संख्या बढ–घट सकती है।
9 संविदा आधारित नियुक्ति किसी भी एक पक्ष द्वारा और किसी भी समय एक माह पूर्व की सूचना पर या एक माह का संविदा वेतन भुगतान करके समाप्त की जा सकती हैं।
10. अभ्यर्थी की इस शैक्षिक वर्ष में आई0एन0सी0 के किसी भी निरीक्षण में इस कालेज के अतिरिक्त गणना न की गयी हो।
11. वाक–इन–इन्टरव्यू में प्रतिभाग करने वाले अभ्यार्थीयों को रूपये 2000 शुल्क college of Nursing के account number-7586240740, IFSC code-IDIB000O512 में RTGS के माध्यम से देय होगा।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज
जालौन(उरई)

पत्रांक– 5457/2026 तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2 महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ की इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेवसाईट पर अपलोड करादेवे।
3 प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन उरई इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त विज्ञप्ति को राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन उरई की वेवसाईट पर अविलम्ब अपलोड करा देवे।
4 सूचना पट।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज
जालौन (उरई)